प्रो० एच०के० पालीवाल
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ०प्र०
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/ 6479 दिनांकः 10 जनवरी, 2023

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः सत्र 2021–22 के विषम एवं सम सेमेस्टर (स्नातक / परास्नातक) परीक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों के ऐसे छात्र / छात्रायें जिसके Sessional एवं Practical/Project अंक संस्थाओं द्वारा समय से ई0आर0पी0 पर अपलोड नहीं किये जा सके है हेतु एक अवसर प्रदान करते हुए ई0आर0पी0 पोर्टल खोले जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 6439 दिनांक 29 दिसम्बर, 2022 के माध्यम से शैक्षिक सत्र 2021–22 के विषम एवं सम सेमेस्टर (स्नातक / परास्नातक) परीक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों के ऐसे छात्र / छात्रायें जिसके Sessional एवं Practical/Project अंक संस्थानों द्वारा समय से ई0आर0पी0 पर अपलोड नहीं किये जा सके है, हेतु दिनांक 30 दिसम्बर, 2023 तक ई0आर0पी0 पर अपलोड किये जाने का अवसर दिया गया था, परन्तु कतिपय संस्थानों द्वारा छात्र / छात्राओं के Sessional एवं Practical अंक निर्धारित समय तक अपलोड नहीं होने पर आवेदन कर ई0आर0पी0 पोर्टल खोले जाने का अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में संस्थानों एवं छात्र / छात्राओं द्वारा किये गये अनुरोध पर सक्षम स्तर से लिये निर्णयानुसार शैक्षिक सत्र 2021–22 के विषम एवं सम सेमेस्टर परीक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों के ऐसे छात्र / छात्रायें जिनका आपके संस्थान द्वारा पूर्व में निर्धारित व्यवस्था के अन्तर्गत Sessional एवं Practical/Project परीक्षा के अंको ई0आर0पी0 पोर्टल पर ऑन–लाइन अपलोड नहीं किया गया, जिसके कारण छात्र / छात्राओं का परिणाम अपूर्ण घोषित है ऐसे सभी छात्र / छात्राओं को चिन्हित कर Sessional एवं Practical/Project परीक्षा के अंक ऑन–लाइन अपलोड किये जाने हेतु **दिनांक 15 जनवरी, 2023 को अपरान्हः 4.00 बजे** तक ई0आर0पी0 पोर्टल खोला जा रहा है।

उक्त के क्रम यह भी ज्ञात हो कि केवल उन्हीं छात्र / छात्राओं के अंक ई0आर0पी0 पर ऑन–लाइन अपलोड किये जायेगे, जिनकी हस्ताक्षरित हार्ड कापी विश्वविद्यालय निर्धारित व्यवस्था के अर्न्तगत समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण कराते हुए जमा की गयी है अथवा जमा नही होने की अवस्था में उक्त निर्धारित तिथि तक समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कराते हुए हस्ताक्षरित हार्ड कापी परीक्षा विभाग कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें। उपरोक्त के सन्दर्भ में किसी भी प्रकार की समस्या के निराकरण / त्रुटि / संशोधन की अवस्था में कार्यालय के ई–मेल आई0डी0: coeofficeaktu@aktu.ac.in पर पूर्ण विवरण के साथ सूचित करें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए अपने संस्थान के अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को सूचित करते हुए उपरोक्त निर्धारित तिथि तक अंक अपलोड कराने का कष्ट करें।

भवदीय

10.1.2023

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक